(c) and (d) On the request of listeners, Akashwani, Nagpur will be repeating this programme from April, 1993. Other Stations of Akashvani will broadcast this serial, depending upon their programme requirement.

Construction of T.V. Studio at Vijayawada

4039. DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state;

(a) whether it is a fact that foundation stone was laid for construction of a T.V. studio at Vijayawada;

(b) if so, what is the progress made so far in this regard, and

(c) what is the target date for its completion?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO) : (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Site for the proposed TV studio centre at Vijayawada has been taken over and orders for the supply of equipment involving long delivery schedule have been placed on the manufacturers and part of it has since been received. The normal lead time involved in completion of projects of this nature is about 4 years after formal approval of the project by the Government.

दूरदर्शन के प्रसारण की प्रामाणिकता

4040. डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :
श्री राम जेठमलानी :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 2 मार्च, 1993 के "हिन्दुस्तान टाइम्स" में "डिस्टोरटेड दर्शन" शीर्षक के अंतर्गत और दिनांक 26 फरवरी, 1993 के "इंडियन एक्सप्रेस" में "एमरजेन्सी शेडो क्लाउड्स डी.डी." शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर आकर्षित किया गया है ;

(ख) क्या यह सच है कि इन समाचारों में प्रसारण माध्यमों के लिए आवश्यक गुणों जैसे निष्पक्षता और प्रामाणिकता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के०पी० सिंह देव) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

गैर-सरकारी निर्माताओं को भुगतान की जाने वाली धनराशि में से आयकर की कटौती किया जाना

4041. श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गैर-सरकारी निर्माताओं को भुगतान करते समय दो प्रतिशत की दर से आयकर की कटौती न किए जाने के कारण दूरदर्शन को करोड़ों रुपयों की हानि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार दो प्रतिशत की दर से उक्त धनराशि की वसूली करने के अतिरिक्त भविष्य में अंतिम भुगतान करने से पहले अनिवार्य रूप से दो प्रतिशत की दर से आयकर की कटौती सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?